आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 23.11.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा ने पांच सीटें जीतीं–कांग्रेस और बीएपी एक–एक सीट पर विजयी।

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा–सरकार चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित कर रही है।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

- प्रदेश में सर्दी की रंगत बढ़ी–माउंट आबू में लगातार तीसरे दिन न्यूनतम तापमान 5 डिग्री दर्ज।

000

प्रदेश में सात विधानसभा सीटों के उपचुनावों में भारतीय जनता पार्टी का पलड़ा भारी रहा है। पार्टी ने खींवसर, झुंझुनूं, देवली–उनियारा, सलूम्बर और रामगढ़ सीट जीत ली हैं। वहीं कांग्रेस के खाते में एक मात्र दौसा सीट गई है। चौरासी विधानसभा सीट भारत आदिवासी पार्टी के खाते में गई है।
खींवसर में भाजपा के रेवंत राम डांगा ने आरएलपी की कनिका बेनीवाल पर 13 हजार 901 मतों से जीत दर्ज की। इसी तरह झुंझुनूं में भाजपा के राजेन्द्र भांभू ने कांग्रेस के अमित ओला को 42 हजार 848 वोटों से हराया। रामगढ़ में भाजपा के सुखवंत सिंह ने कांग्रेस से सीट छीनते हुए उसके प्रत्याशी आर्यन जुबैर खान को 13 हजार 636 मतों से मात दी।

सलूम्बर में भाजपा की शांता अमृतलाल मीणा ने भारत आदिवासी पार्टी के जितेश कटारा को एक हजार 285 मतों से पराजित किया। इसी तरह देवली–उनियारा में भाजपा के राजेन्द्र गुर्जर ने निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा को 41 हजार 121 वोटों से हराया। दौसा में कांग्रेस के दीनदयाल ने भाजपा के जगमोहन को 2300 वोटों से पराजित किया। कांग्रेस इन चुनावों में सात में से 4 सीटों पर मुख्य मुकाबले में भी नहीं रह पाई। वहीं चौरासी में भारत आदिवासी पार्टी के अनिल कटारा ने भाजपा के कारीलाल को 24 हजार 370 मतों से हराया।
इन उपचुनावों में भाजपा की बड़ी जीत के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। पार्टी नेताओं ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों और प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व को समर्पित किया है। मुख्यमंत्री ने इस जीत को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रीति–नीति की जीत बताया।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि सरकार चिकित्सा क्षेत्र में होने वाले नवाचारों को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके लिए ज्यादा से ज्यादा वित्तीय सहायता भी उपलब्ध करवाई जा रही है। उपराष्ट्रपति आज जोधपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स के 64वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। श्री धनखड़ ने कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में नवाचारों की बदौलत कोरोना में लाखों लोगों की जिंदगियां बचाने में सफलता मिली है। उपराष्ट्रपति ने युवा पीढ़ी में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को लेकर कहा कि नशे के कारण युवकों में तनाव और अवसाद बढ़ रहा है। इसे रोकना होगा और इसमें चिकित्सा क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति के साथ ही हमें प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति को भी अपनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में विशेष योग्यता अर्जित करने वाले विद्यार्थियों और चिकित्सकों को सम्मानित किया।

000

सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले कल सर्वदलीय बैठक बुलाई है। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। बैठक में सरकार सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित

करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगी। शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होगा और 20 दिसंबर तक चलेगा। हालांकि, संविधान दिवस के उपलक्ष्य में 26 नवंबर को संसद की बैठक नहीं होगी।

000

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि केंद्र सरकार सहकारिता क्षेत्र के माध्यम से किसानों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम की बैठक में श्री शाह ने कहा कि सरकार सहकारिता आंदोलन के माध्यम से देश के नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार सहकारिता के माध्यम से देश को आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है और इस दिशा में एनसीडीसी की अहम भूमिका है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर प्रसारित होगा। साथ ही ये आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध रहेगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सुना जा सकता है।

000

राजसमंद में आज राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीपति कुलदीप माथुर और न्यायाधीपति फरजंद अली की मौजूदगी में तीन नए कानूनों साइबर क्राइम और ई फाइलिंग पर सेमिनार आयोजित की गई। न्यायाधिपति कुलदीप माथुर ने बताया कि सेमिनार में नए आपराधिक कानूनों में बदलावों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी और जिला सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल भी मौजूद रहे।

000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में अब पर्यटकों को टिकट लेने के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। उद्यान प्रशासन ने इसके लिए क्यूआर कोड जारी किया है, जिससे पर्यटक अपने मोबाइल से टिकट बुक कर सकते हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस प्रक्रिया से टिकट शुल्क भी कम लगेगा।

000

बीकानेर में सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए थैला बैंक की शुरुआत की गई है। महापौर सुशीला कंवर राजपुरोहित और संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी ने इसी उद्देश्य से आज दो ऑटोमैटिक क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीनों का उद्घाटन किया। इन मशीनों में 10 रुपये का सिक्का डालने पर कपड़े का थैला ऑटोमैटिक रूप से निकलता है। फिलहाल, दो मशीनें कोटगेट सब्जी मंडी और गंगाशहर मुख्य बाजार में स्थापित की गई हैं। महापौर ने कहा कि यह सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने के लिए एक सार्थक कदम है। उन्होंने कहा कि जब तक प्लास्टिक को विकल्प की आसानी और उपलब्धता सुनिश्चित न हो, प्लास्टिक को रोकना कठिन है।

000

पाली में टोबैको फ्री यूथ कैम्पेन 2.0 के अंतिम दिन आज तम्बाकू एवं धूम्रपान निषेध अधिनियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर कार्यवाही की गई। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू का सेवन करने वाले लोगों के भी चालान बनाए गए। जिले के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों और आमजन को तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए कई गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तम्बाकू के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरुक करना है।

वहीं हनुमानगढ़ जिले के टिब्बी क्षेत्र के सुरेवाला गांव में आज मानस अभियान के तहत नशामुक्ति शिविर का आयोजन हुआ।

000

प्रदेश में सर्दी अपनी रंगत दिखाने लगी है। कई स्थानों पर सुबह शाम तेज ठण्ड का असर देखा जा रहा है। अधिकतर शहरों में रात का पारा 10 से 11 डिग्री सैल्सियस से नीचे रहा। भीलवाडा, सीकर, चित्तौडगढ, उदयपुर, चूरू, सिरोही, जालौर में पारा दस डिग्री सैल्सियस से नीचे रिकॉर्ड हुआ। पहाड़ों पर लगातार हो रही बर्फबारी के साथ चल रही ठण्डी हवाओं ने प्रदेश में सर्दी का असर बढा दिया है। माउण्टआबू में आज न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार आज श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर और झुंझुनूं जिले में घना कोहरा छाया रहा।

000